बरेली, रविवार
25 जनवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 2 : TOP

# बीटेक और एमबीए विद्यार्थियों का हुआ साक्षात्कार



एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड की ओर से बीटेक और एमबीए 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रेनिंग निदेशक डा . अनुज कुमार ने किया . चयन प्रक्रिया का प्रारंभ कंपनी प्रजेंटेशन के साथ हुआ . इसमें उन्होंने अभ्यर्थियों को कंपनी के बारे में बताया, छात्र– छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया . इसके बाद बीटेक और एमबीए के विद्यार्थियों का साक्षात्कार हुआ . इसमें 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया, छह विद्यार्थी शार्टलिस्ट हुए . अंतिम चरण की घोषणा कुछ दिनों में होगी . इस दौरान शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी, राहुल सक्सेना का योगदान रहा .